# दुद्धिचुआं तौल कांटा घोटाले पर रहस्यमयी खामोशी

## सबूत मिले, एफआईआर हुई, फिर भी ठोस कार्रवाई शून्य, एनसीएल एवं सतर्कता तंत्र संदेह के घेरे में

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 फरवरी। एनसीएल सिंगरौली की दुद्धिचुआ परियोजना के तौल कांटा में दिसम्बर महीने के प्रथम-द्वितीय सप्ताह में चीप व रिमार्ट मिलने के मामले में एनसीएल के साथ-साथ केन्द्रीय सतर्कता अमले की रहस्यमयी चुप्पी पर सवाल खड़े होने लगे हैं। जबकि मौके पर अनियमितता के साक्ष्य भी मिले हैं, केवल यूपी के शक्तिनगर थाना में संबंधित जनों के विरूद्ध एफआईआर कर कोरमपूर्ति मान ली गई है। यदि विजिलेंस विभाग एवं एनसीएल जांच टीम यदि कार्रवाई की है तो सार्वजनिक करने में परहेज क्यों किया जा रहा है। इससे पूरे मामले में संदेह और भी गहरा होता जा रहा है।**



शिकायतकर्ता राजेश सोनी ने 16 दिसंबर 2025 को केंद्रीय सतर्कता अधिकारी को औपचारिक पत्र लिखकर दुद्धिचुआ परियोजना के तौल कांटा में चीप एवं रिमोट के माध्यम से बड़े पैमाने पर हेराफेरी का खुलासा हुआ था। इसके बावजूद सवाल यह है कि जब शिकायत, सबूत मौजूद थे, तो एफआईआर तक ही कार्रवाई क्यों हुई ? आरोप है कि दुद्धिचुआ परियोजना में निजी लाभ के लिए शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया। नापतोल में गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद फॉर्म वेट ट्रैक इंडिया लिमिटेड का नाम सीधे तौर पर सामने आया। नियमों के अनुसार इतना बड़ा मेजर फॉल्ट सामने आने पर संबंधित कंपनी को तत्काल ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए था, लेकिन आज तक न तो कंपनी पर कोई कठोर कार्रवाई दिखाई दी और न ही किसी तरह की दंडात्मक प्रक्रिया सार्वजनिक की गई। इस पूरे मामले में सीमावर्ती थाना शक्तिनगर की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। स्थानीय स्तर पर कार्रवाई के नाम पर महज औपचारिकता निभाई गई, फिर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आरोप है कि जानबूझकर जांच को आगे नहीं बढ़ाया गया, ताकि मामला धीरे-धीरे दब जाए। सबसे बड़ा सवाल अब एनसीएल, सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी की भूमिका और उनकी चुप्पी को लेकर उठ रहा है। आरोप लगाया जा रहा है कि जिस समय मामले में निर्णायक कार्रवाई होनी चाहिए थी, उसी दौरान केंद्रीय सतर्कता अधिकारी अभी तक कार्रवाई आगे नही बढ़ाया। इसी बात को लेकर शिकायतकर्ता ने सवाल खड़ा किया है।

### शिकायत के 46 दिन बाद भी जांच प्रक्रिया शून्य

जानकारों का कहना है कि यदि विजिलेंस विभाग वास्तव में निष्पक्ष होता, तो अब तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हो चुकी होती। यह भी स्पष्ट किया जाता कि फॉर्म वेट ट्रैक इंडिया लिमिटेड पर क्या कार्रवाई की गई। लेकिन चुप्पी यह संकेत दे रही है कि कहीं न कहीं बड़े स्तर पर संरक्षण दिया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायतकर्ता राजेश सोनी ने अब जांच का दायरा और व्यापक करने की मांग की है। उन्होंने कोयला मंत्री और निदेशक सीबीआई को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की केंद्रीय स्तर से जांच कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि स्थानीय और परियोजना स्तर पर निष्पक्ष जांच की कोई उम्मीद नहीं बची है। सिंगरौली पहले ही कोयला उत्पादन के साथ-साथ विवादों का केंद्र रहा है। ऐसे में करोड़ों के इस कथित घोटाले पर प्रशासनिक चुप्पी यह सवाल खड़ा करती है।

### विजिलेंस के यहां पहुंची शिकायत, मांगा पहचान प्रमाण

कोयला क्षेत्र में उठी शिकायत की आंच अब सीधे एनसीएल के विजिलेंस विभाग तक पहुंच चुकी है। एनसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी कार्यालय से शिकायत के सत्यापन को लेकर स्पीड पोस्ट के माध्यम से औपचारिक पत्र जारी किया गया है। यह पत्र बीते 21 जनवरी को जारी हुआ, जिसने पूरे मामले को गंभीर मोड़ पर ला खड़ा किया है। जारी पत्र में वार्ड-45 नौगढ़, पोस्ट कचनी निवासी शिकायतकर्ता राजेश सोनी को सूचित किया गया है कि उनकी ओर से 16 दिसंबर 2025 को प्राप्त शिकायत को संज्ञान में लिया गया है। विजिलेंस विभाग ने स्पष्ट किया है कि शिकायत की पुष्टि के लिए शिकायतकर्ता को निर्धारित सत्यापन प्रपत्र भरकर, अपनी पहचान का स्वप्रमाणित दस्तावेज संलग्न कर 15 दिनों के भीतर भेजना होगा। पत्र में यह भी साफ संकेत दिया गया है कि यह प्रक्रिया यह सुनिश्चित करने के लिए है कि शिकायत वास्तव में संबंधित व्यक्ति द्वारा ही की गई है।



# मेहनत, समर्पण और अनुशासन से हर लक्ष्य हासिल करना संभव : बाइचुंग

## फुटबॉल ने सिंगरौली के युवाओं को दिया फिटनेस और धैर्य का मंत्र

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 फरवरी। एनसीएल में यंग अचीवर्स प्रोग्राम के तहत लर्निंग फ्रॉम लीजेंड कार्यक्रम में विद्यार्थियों से मुखातिब हुए पूर्व फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया सफलता बड़ी जिम्मेदारियों के साथ आती है, क्योंकि जब आप एक सफल व्यक्ति बन जाते हैं तब लोग आपको एक उदाहरण के रूप में देखते हैं।**

शारीरिक और मानसिक फिटनेस जीवन की किसी भी विधा में सफलता के लिए आवश्यक है। खेल हमें सफलताओं को संभालने और असफलताओं के साथ सामंजस्य बैठाना सिखाते हैं। आज दिन सोमवार को एनसीएल के दुद्धिचुआ ग्राउंड में आयोजित यंग अचीवर्स प्रोग्राम के तहत लर्निंग फ्रॉम लीजेंड कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ये बातें दिग्गज भारतीय फुटबॉलर और पूर्व फुटबॉल कप्तान, पद्म एवं अर्जुन अवार्ड से सम्मानित बाइचुंग भूटिया ने कहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों से मुखातिब होते हुए बाइचुंग भूटिया ने फुटबॉल के मैदान के अपने अनुभवों को जीवन के विविध आयामों से जोड़ा।

## एक नजर में

### अनीता बनी बैसवार महासंघ की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष



**सिंगरौली।** बैसवार महासंघ का महासम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन जिले के बैढ़न गनियारी में किया गया, जिसमें बैसवार महासंघ के द्वारा कार्यकारिणी की घोषणा किया गया, जिसमें महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीता बैस को बनाया गया। बताया जाता है कि अनीता बैस प्रदेश के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों उ.प्र. एवं छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के बैसवार समाज में मजबूत पकड़ है, जिसको देखते हुए बैसवार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामलल्लू बैस एवं राष्ट्रीय संरक्षक रामसकल बैस के अनुसंशा पर राष्ट्रीय महासचिव हरीओम कुष्माकर बैस के द्वारा अनीता बैस को महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति किया गया।

### जिले के उपखण्ड दफ्तरों में जन सुनवाई आज



**सिंगरौली।** राज्य शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन द्वारा जारी निर्देश में सुशासन के लिए यह आवश्यक है कि प्रशासन तंत्र के विभिन्न आयामों में पदस्थ अधिकारी आम नागरिकों को बिना बाधा सहज उपलब्ध हो, नागरिकों और अधिकारियों के मध्य सीधा संवाद हो। अधिकारी नागरिकों की समस्याएं सीधे सुने और उनका निराकरण करें । कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा जारी निर्देश के तहत अब उपखण्ड चितरंगी के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय चितरंगी सभागार प्रत्येक मंगलवार जनसुनवाई की जायेगी।



# फाइनल मुकाबले में कुंडा की टीम बनी चैम्पियन

## अदाणी फाउंडेशन का वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सरई 2 फरवरी। देवसर तहसील अंतर्गत देवरा गांव में अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया।**

मझौली गांव में आयोजित इस टूर्नामेंट में गोंडबहेरा उज्जैनी एवं गोंडबहेरा उज्जैनी ईस्ट परियोजना के आसपास के आठ गांवों की टीमों के 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में कुंडा की टीम ने मझौली की टीम को 3-0 से पराजित कर विजयी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अदाणी फाउंडेशन की ओर से विजेता टीम को गोल्ड मेडल और उपविजेता टीम को सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी 80 प्रतिभागियों एवं 10 वॉलेंटियर्स को वॉलीबॉल जर्सी सेट और मोमेंटो प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस पहल का उद्देश्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सामुदायिक मेलजोल के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराना था, ताकि ग्रामीण समुदायों में खेल भावना, शारीरिक फिटनेस और युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सके। टूर्नामेंट में गोंडबहेरा उज्जैनी परियोजना के उज्जैनी, तलवा, देवरा और तीनगुड़ी गांवों के खिलाड़ियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया, जहां फाइनल में कुंडा गांव की टीम ने असाधारण टीमवर्क और कौशल का प्रदर्शन करते हुए मझौली की टीम को 3-0 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए मझौली पंचायत के सरपंच श्यामले पनिका, पचौर पंचायत के सरपंच मुन्नीलाल रावत तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# एक करोड़ की सड़क पर हाइवा का आतंक, हिर्रवाह रोड बना गैरकानूनी कॉरिडोर

## धूल-धुएं में घुटती जनता, बढ़ता खतरा, प्रशासन की चुप्पी से रहवासियों में बढ़ रही नाराजगी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 फरवरी। एनटीपीसी विंध्याचल के बलियरी ऐश डैम से फ्लाई ऐश परिवहन अब उद्योग नहीं, खुलेआम गुंडागर्दी बन चुका है। तय रूट को ठेंगा दिखाते हुए राख से लदे भारी हाइवा हिर्रवाह रोड से धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। ठेकेदारों को न नियम की परवाह है, न जनता की सुरक्षा की।**



नपानि द्वारा 1 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से बनाई गई पीसीसी सड़क पर इन ओवरलोडेड वाहनों का कहर साफ नजर आ रहा है। सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है, गहरे गड्ढे बन गए हैं और दरारें भविष्य के बड़े हादसे का संकेत दे रही हैं। जनता पूछ रही है, क्या यह सड़क सिर्फ ठेकेदारों को बर्बाद करने के लिए बनाई गई थी। बलियरी से राख परिवहन का निर्धारित मार्ग इंडस्ट्रियल एरिया, तीन नंबर गेट, सासन शिवपहड़ी, सासन कन्वेयर रोड हैं, लेकिन डीजल और समय बचाने की एवज में हिर्रवाह रोड को अवैध शॉर्टकट बना दिया गया है। यह मार्ग घनी आबादी वाला है, जहां स्कूल, दुकानें और घर मौजूद हैं। उड़ती फ्लाई ऐश से पूरा इलाका धूल में डूबा है। बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन जैसी समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। पिछले महीने राख से लदे हाइवा पलटने की घटनाएं चेतावनी थीं, लेकिन सिस्टम अब भी नींद में है। स्थानीय निवासियों ने कलेक्टर से दो टूक मांग की है कि हिर्रवाह रोड पर भारी वाहनों पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए।

### दिव्यांगजनों की प्रतिभा, पर्पल फेयर का आयोजन 6 को

दिव्यांगजनों की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता को समाज के समक्ष सशक्त रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से पर्पल फेयर का आयोजन 6 फरवरी को अटल बिहारी सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 42, बिलौंजी में किया जा रहा है। यह आयोजन दिव्यांगता को कमजोरी नहीं, बल्कि क्षमता और सामर्थ्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम का आयोजन समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र सीआरसी द्वारा किया जा रहा है, जो अली यावर जंग राष्ट्रीय वाक् एवं श्रवण दिव्यांगजन संस्थान, मुंबई के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत है।

# परियोजना प्रमुख ने संभाला एनटीपीसी रिहंद का कार्यभार

नवभारत न्यूज

**रिहंदनगर 2 फरवरी। एनटीपीसी रिहंद परियोजना में मुख्य महाप्रबंधक संजय असाटी ने एनटीपीसी रिहंद का कार्यभार संभाला। संजय असाटी ने विभिन्न पदों पर रहते हुये अपने नेतृत्व के द्वारा एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में अपनी लगन, निष्ठा, मेहनत एवं ईमानदारी से सफलता के नए आयाम स्थापित कर चुके हैं।**



संजय असाटी नें जबलपुर से सन् 1988 में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद सितंबर सन् 1989 में एनटीपीसी पीएमआई नोएडा में बतौर कार्यपालक प्रशिक्षु के पद पे रहे । सन् 1990 में इनकी पोस्टिंग सी एंड आई मैंटेनेंस विभाग, एनटीपीसी विंध्याचलमें हुई। एनटीपीसी विंध्याचल के अतिरिक्त संजय असाटी नें एनटीपीसी ऊंचाहार, झज्जर एवं रिहंद में विभिन्न पदों पर रह कर एनटीपीसी परियोजना को ऊंचाइयों तक पहुँचने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है । प्रबंधन को पूर्ण विश्वास है कि संजय असाटी के मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी नेतृत्व में एनटीपीसी रिहंद परियोजना निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगी तथा नई उपलब्धियों के मानक स्थापित करेगी।

# श्रवण बने बैसवार महासंघ के प्रदेश युमो के अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 2 फरवरी। भाजपा के नेता श्रवण कुमार बैस को बैसवार महासंघ का प्रदेश युवा मोर्चा का प्रदेशध्यक्ष बनाये जाने पर बैसवार समाज में हर्ष का माहौल है।**



श्रवण कुमार बैस ने अपने इस नियुक्ति पर कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को समाज की बड़ी जिम्मेदारी बैसवार महासंघ युवा मोर्चा म.प्र. का अध्यक्ष बनाये जाने पर अखिल भारतीय बैसवार महासंघ के संरक्षक पूर्व राज्यसभा एवं लोकसभा सांसद रामसकल बैस, बैसवार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक रामलल्लू बैस, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केपी सिंह बैस, पूर्व विधायक उ.प्र. तीरथराज बैस, सुरेन्द्र सिंह बैस, संरक्षक म.प्र. बैसवार संघ, मोतीलाल सिंह बैस, प्रदेश अध्यक्ष म.प्र. बैसवार महासंघ एवं समस्त राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी व स्वजातीय बंधु का हृदय से धन्यवाद एवं आभारी हूँ।

# खुले में शौच से मुक्ति, कचरा मुक्त शहर व जल संरक्षण पर हुई चर्चा

## नपानि में थ्री आर से कला एवं आजीविका विषय पर स्व सहायता समूह की महिलाओं का प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 फरवरी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत स्वच्छता नॉलेज पार्टनर संस्था हिमालयन इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट, इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट द्वारा नगर पालिक निगम के सभागार में सफाई मित्रों के लिए एक दिवसीय वेस्ट टू आर्ट एंड थ्री आर प्रैक्टिस विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।**



प्रशिक्षण के आरंभ में हाईफीड संस्था के प्रतिनिधि संदीप सोनी ने प्रतिभागियों को स्वच्छ भारत मिशन कब आरंभ हुआ था, प्रत्येक चरण में इसमें क्या-क्या प्राथमिकताएं तय की गई थी, इस कार्यक्रम की आवश्यकता क्यों पड़ी, इत्यादि के संबंध में विस्तार से समझाया गया। उन्होंने खुले में शौच से मुक्ति, कचरा मुक्त शहर, जल संरक्षण जैसे मुद्दों की ओर प्रतिभागियों का ध्यान आकर्षित किया गया। मैला ढोने की कुप्रथा, ठोस एवं तरल अपशिष्ट का प्रबन्धन, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं बीमारियों पर नियंत्रण, लोगों में व्यवहार परिवर्तन एवं जागरूकता की बात कही। इस दौरान थ्री आर के क्रियान्वयन से पर्यावरण पर पढ़ने वाले प्रभाव कचरे को जलाने से पर्यावरण पढ़ने वाले विपरीत आदि को उदाहरण के माध्यम से समझाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी बाल गोविंद चतुर्वेदी, एनयूएलएम के नोडल अधिकारी अक्षत उपाध्याय सहित अन्य मौजूद रहें।

# एनटीपीसी सिंगरौली का ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 2 फरवरी। एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर विभाग द्वारा स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का बीते दिन रविवार को सफल समापन हुआ।**



प्रतियोगिता के तीसरे एवं अंतिम दिन एनटीपीसी सिंगरौली क्षेत्र के आसपास के इलाकों से आए युवा खिलाड़ियों ने अत्यंत उत्साह एवं खेल भावना का परिचय देते हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस तीन दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, 100 मीटर एवं 200 मीटर बालक एवं बालिका वर्ग, रिले रेस, सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एनटीपीसी सिंगरौली के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 1500 से अधिक युवा खिलाड़ियों ने जोश एवं उत्साह के साथ सहभागिता की। समापन दिवस पर द्वितीय दिवस में संपन्न सेमीफाइनल मुकाबलों में विजयी टीमों के मध्य फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए।

# जीवन में खेल अनुशासन, धैर्य व टीम भावना भी विकसित करते हैं : थापर

नवभारत न्यूज

**निगाही 2 फरवरी। दिल्ली पब्लिक स्कूल, निगाही में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के नौनिहाल विद्यार्थियों के लिए अंतर-कक्षीय मिनी स्पोर्ट्स डे का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया।**



उक्त प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि छोटे बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग की भावना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की आदत को विकसित करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष नियमित तौर पर कराई जाती है। इस खेल आयोजन में बाल वाटिका एक, दो, तीन के तीनों वर्ग एवं पहली कक्षा के दोनों वर्ग के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतियोगिता प्रभारी आयशा अली के सहयोग से प्राचार्य ने विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, धैर्य और टीम भावना भी विकसित करते हैं।

# स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि कार्यों में हम सुधार लाकर बेहतरीन कार्य कर सकें : रामनिवास

## सर्म्पूणता अभियान 2.0 बिलौजी में हुआ शुभारंभ, सिंगरौली विधायक ने आकांक्षी जिला के निर्धारित पैरामीटरो को पूर्ण कराने की दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 फरवरी। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लाक सम्पूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ सिंगरौली विधायक राम निवास शाह के मुख्य अतिथि में एवं देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, कलेक्टर गौरव बैनल के उपस्थिति में अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में किया गया।**



यह अभियान 28 जनवरी से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल तक चलेगा। उक्त अवधि में आकांक्षी जिला के ब्लाक में निर्धारित पैरामीटरो के तहत कार्य किया जाकर पूर्ण किया जाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुयें मुख्य अतिथि सिंगरौली विधायक राम निवास शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की यह कि नीति आयोग में जो भी पैरामीटर है उस पर शत प्रतिशत कार्य कर विकास के कार्य को पूर्ण किया जा सके। जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि के कार्यो में हम सुधार लाकर बेहतरीन कार्य कर सकें। वही देवसर विधायक श्री मेश्राम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंशानुसार जहां विजन 2047 के तहत देश को सर्म्पूण विकास कर अंग्रणी बनाना है। साथ ही कलेक्टर बैनल ने अपने उद्बोधन में सम्पूर्णता अभियान में सम्मिलित संबंधित विभाग के अधिकारियों से अपेक्षा किया कि सभी पैरामीटरो के तहत लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किया जाना सुनिश्चित करें। ताकि निर्धारित सीमा 14 अप्रैल तक लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। इस संबंध में विभाग आपसी समन्वय कर हितग्राही मूलक योजनाओ को जनता तक पहुचायें। माता एवं शिशु स्वास्थ्य के इंडिकेटरो में जो भी गैप है उनकी पूर्ति करें। इस अवसर पर जिला अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।